आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 03.03.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- आगामी चारधाम यात्रा को लेकर राज्य सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत करने में जुटी।
- प्रदेश में मिलावटखोरी के खिलाफ खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी।
- चम्पावत जिले के विभिन्न स्थानों पर खड़ी होली की धूम। हरिद्वार जिला कारागार में भी होली उत्सव का आयोजन।
- होली से पहले पेयजल आपूर्ति को लेकर जल संस्थान मुस्तैद।

चारधाम यात्रा

आगामी चारधाम यात्रा को लेकर राज्य सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत करने में जुटी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इस वर्ष यात्रा मार्ग पर चिकित्सा सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी। विशेष रूप से केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में 50—50 बेड के अस्पताल संचालित किए जाएंगे, ताकि आपात स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा 108 एम्बुलेंस सेवा का विस्तार भी किया जाएगा, ताकि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े।

छापेमारी

प्रदेश में मिलावटखोरी के खिलाफ खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसके तहत अभी तक दूध से बने 350 कुंतल मिलावटी खाद्य पदार्थों को नष्ट किया गया है। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि त्यौहरी सीजन से पहले विभाग की ओर से मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। खासतौर पर राज्य के सीमांत क्षेत्रों में गश्त की जा रही है, ताकि मिलावटी पदार्थ, प्रदेश में न आ सके। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से लगे दूसरे राज्यों के अधिकारियों से भी संपर्क किया जा रहा है, ताकि जो लोग उत्तराखंड में मिलावटी पदार्थ ला रहे हैं उनके खिलाफ वहां भी स्थानीय प्रशासन कार्रवाई करे। उन्होंने बताया कि 66 लोगों के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है, जिन पर कार्रवाई चल रही है।

बम धमकी

देहरादून स्थित पासपोर्ट कार्यालय को ई—मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार कल अज्ञात व्यक्ति द्वारा ई—मेल भेजकर पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना मिलते ही

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने पासपोर्ट कार्यालय परिसर को खाली कराते हुए बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाया। टीमों ने पूरे परिसर की सघन जांच की। हालांकि, चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और धमकी भरा ई–मेल भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

होली उत्साह

प्रदेशरभर में होली पर्व को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। जगह–जगह आयोजित होली मिलन समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ ही लोग एक–दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रहे हैं। वहीं, चम्पावत जिले के विभिन्न स्थानों पर इन दिनों खड़ी होली की धूम है। चम्पावत, बाराकोट, पाटी, लोहाघाट, सुई विसुंग आदि क्षेत्रों में महिला और पुरूष घर–घर जाकर पंक्तिबद्ध होकर खड़ी होली का गायन कर रहे हैं। काली कुमाऊँ की खड़ी होली के संबंध में बीस गांव विसुंग के रघुवर दत्त मुरारी के अनुसार होलाष्टक के बाद चीर आरोहण के साथ ही खड़ी होली का गायन शुरू हो जाता है, जो भक्ति रस से प्रारम्भ होकर छलड़ी यानी होली तक चलता है।

कोली ढेक की महिला होल्यार करिश्मा जोशी ने बताया कि पहले यहां खड़ी होली पुरुषों द्वारा ही गाई जाती थी, लेकिन अब महिलाए भी इसमें बढ़चढ़कर भाग ले रही हैं।

जेल में होली

हरिद्वार जिला कारागार में भी होली की झलक देखने को मिली। जेल प्रशासन ने एक सामाजिक संगठन के साथ मिलकर होली उत्सव का आयोजन किया, जिसमें बंदियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। धार्मिक और पारंपरिक गीतों के बीच गुलाल और फूलों से होली खेली गई, जिससे जेल परिसर का माहौल पूरी तरह उत्साहपूर्ण हो गया। जेल अधीक्षक मनोज आर्या ने कहा कि ऐसे आयोजनों का बंदियों के मन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। इसलिए कारागार में सभी पर्व उत्साहपूर्वक मनाए जाते हैं।

पेयजल आपूर्ति

होली के दौरान पेयजल आपूर्ति को लेकर जहां टोल फ्री नंबर के साथ कॉल सेंटर खोल दिया गया है, वहीं सरकारी और निजी टैंकर भी तैनात किए गए हैं। जल संस्थान के सचिव, प्रशासन, सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि होली में लोगों को पानी की किल्लत ना हो इसको लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति सुबह और दिन में दो समय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की दिक्कत आने पर टोल फ्री नंबर पर कॉल किया जा सकता है। इसके आलावा अलग–अलग स्थानों के लिए विभागीय और निजी टैंकर भी तैनात किए गए हैं, ताकि जिन स्थानों पर पानी की समस्या आ रही हो, वहां टैंकर से जलापूर्ति की जा सके।